राजस्थान सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, झालावाड़

फोन – 07432–230448
वेबसाइट – dipr.rajasthan.gov.in
ईमेल – projhalawar@gmail.com
dipr.jhalawar@rajasthan.gov.in

**प्रेस समाचार**

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत् आवंटित लक्ष्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

झालावाड़ 01 मार्च। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की द्वितीय स्तरीय समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत् आवंटित लक्ष्यों में प्रगति की सी और डी श्रेणी में चल रहे विभागों के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए संबन्धित अधिकारियों को शत्–प्रतिशत् लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार आवंटित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन को जागरूक कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संस्थागत प्रसव की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् कार्यों में प्रगति लाने, इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए लम्बित् आवेदनों के निस्तारण करने सहित शेष अन्य विभागों के लक्ष्यों को भी पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने राजीविका के अन्तर्गत चल रहे कार्यों में नियमित प्रगति लाते हुए ए ग्रेड से नीचे नहीं आने की बात कही।

बैठक के दौरान आयोजना अधिकारी चतुरवर्ग मालपानी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को उनके विभागों द्वारा अर्जित लक्ष्यों की जानकारी दी गई। बैठक में उप वन संरक्षक वी. चेतन कुमार, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एम सैय्यद, सार्वजनिक निमार्ण विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.बी. तिवारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक गौरीशंकर मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

———00———